प्रेषक,

जिलाधिकारी,
ललितपुर ।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,
राजस्व अनुभाग–11,लखनऊ।

संख्याः 3108 /3–सी0आर0ए0–दै0 आ0–सूखा नि0का0यो0 2017–18)दिनांक जून 16,2017

विषय– वर्ष 2017 में सूखा हेतु कार्य योजना बनाये जाने के संबंध में ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या संख्याः256 / 1–11– 2017–5 (जी) /2016 दिनांक 09 मई 2017 का अवलोकन करने की कृपा करें,जिसके अन्तर्गत वर्ष 2017 में सूखा हेतु कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के अनुपालन में इस कार्यालय द्वारा दिनांक 4–5–2017 को समस्त संबंधित विभागों की बैठक कर उनसे वर्ष 2017 में सूखा हेतु कार्य योजना बनाये जाने के संबंध में कार्य योजनायें प्राप्त की गयी । विभागों से प्राप्त कार्ययोजनाओं के आधार पर जनपद की समेकित सूखा कार्ययोजना 2017 तैयार कर सेवा में प्रेषित है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(योगेन्द्र बहादुर सिंह)
अपर जिलाधिकारी, ललितपुर ।

संख्या व दिनांक–उपरोक्तः (1)

प्रतिलिपि–1– आयुक्त,झॉसी मण्डल,झॉसी को उनके पत्र संख्या–2088/13–एल0आर0ए0–14 (2016–17) दिनांक 25–5–2017 के अनुपालन में सूखा कार्ययोजना 2017 की प्रति संलग्न कर सूचनार्थ प्रेषित।

2–जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी (एन0आई0सी0) ललितपुर को इस आशय से प्रेषित कि सूखा नियंत्रण कार्य योजना 2017 जनपद ललितपुर की वेवसाईट एवं rahat.up.nic.in पर भी अपलोड करने का कष्ट करें ।

3–जनपद के समस्त संबंधित विभागों को इस आशय से प्रेषित है कि वॉछित कार्य योजना जनपद ललितपुर की वेवसाईट lalitpur.nic.in से प्रिन्ट निकाल कर अनुपालन सुनिश्चित करें ।

(योगेन्द्र बहादुर सिंह)
अपर जिलाधिकारी, ललितपुर ।

सूखा नियंत्रण कार्य योजना
जनपद–ललितपुर
वर्ष –2017

जनपद ललितपुर दक्षिण पश्चिम सीमा के मध्य स्थित है तथा ऊचे–नीचे धरातल एवं पठारी से होने के कारण सामान्यतः सूखे से प्रभावित रहता है। जनपद का ढाल पश्चिम व उत्तर की तरफ है । जनपद की एकमात्र बडी नदी वेतवा है, जिस पर जल संग्रहण हेतु राजधाट व माताटीला बांध बनाये गये है । अन्य सहायक नदियों पर शहजाद बांध, जांमनी बांध, गोविन्द सागर बांध, सजनम बांध ,रोहिणी बांध एवं वेतवा नदी पर जाखलौन पम्प कैनाल योजनाए संचालत है । इसके अतिरिक्त जनपद में तीन अन्य बॉधों के निर्माण का कार्य चल रहा है। जनपद में सूखे से निपटने के संबंध में जनपद के किसी भी क्षेत्र /ग्राम से पेयजल एवं संक्रामक रोग की षिकायत/समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थपाना की गई है, जिसका कार्यालय का टेलीफोन नम्बर 272335 है। जनपद स्तरीय प्रमुख अधिकारियों के आवासीय /कार्यालय के दूरभाश एवं मोबाईल नम्बर निम्न प्रकार हैः–

क्र0	नाम अधिकारी	कार्यालय/आवास	मोवाईल नं0
1	जिलाधिकारी ललितपुर	272200, 272201	9454417549
2	पुलिस अधीक्षक,ललितपुर	272387, 272388	9454400291
3	अपर जिलाधिकारी ललितपुर	272613, 272914	9454417620
	मुख्य चिकित्साधिकारी ललितपुर	276316, 274611	9454455322 9415060292
4	परगनाधिकारी ललितपुर	272335, 232392	9454416365
5	परगनाधिकारी महरौनी	05172250521	9454416366
6	परगनाधिकारी तालबेहट	05175232506	9454416367
8	परगनाधिकारी पाली	05175232506	9454416369
	परगनाधिकारी मडावरा	05175232506	9454416376
8	जिला विकास अधिकारी ललितपुर	275899, 273137	9454464962
9	अधिशासीअभियन्ता सिचाई खण्ड ललितपुर	276330, 272451	8726445954
10	अधिशासीअभियन्ता विधुत ललितपुर	272380, 272413	9415909554
11	अधिशासीअभियन्ता जल निगम ललितपुर	272380, 272413	9473942729
12	अधिशासीअभियन्ता जल संस्थान ललितपुर	272229,	7408555555
13	जिला पूर्ति अधिकारी ललितपुर	276206	9919311580
14	जिला कृषि अधिकारी ललितपुर	276516	9410230225
15	जिला पंचायतराज अधिकारी ललितपुर	274208	9451628773
16	अधिशासीअधिकारी,नगर पालिका ललितपुर	272566, 272285	9452738489
17	परियोजना निदेशक ललितपुर	277860	9454464961
18	तहसीलदार ललितपुर	272248	9454416370
19	तहसीलदार तालबेहट	232506	9454416372
20	तहसीलदार महरौनी	250528	9454416371
21	फायर स्टेशन	272222	9454418438

प्रस्तावना

जनपद ललितपुर उत्तर प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम सीमा के मध्य स्थित है। विन्ध्याचल श्रेणियों के प्रभाव से इसका धरातल पथरीला, ऊँचा व नीचा होने के कारण यहां पर वर्षा कम होती है । वर्ष 2016 में जनपद में सूखा की स्थिति उत्पन्न होने पर शासन द्वारा क्षति पूर्ति हेतु हेतु मॉग 180.10 करोड के सापेक्ष अबतक मु0 1,31,13,48,000–00 रू0 की धनराशि वित्तीय वर्ष 2016–17 में उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें से 17,84,00,000.00 रू0 धनराशि बृहद किसानों को वितरण किये जाने हेतु शासन से अनुमति न मिलने के कारण कर दी गई थी तथा शेष धनराशि प्रभावित लघु एवं सीमांत किसानों को वितरित की जा चुकी है। रोजगार इस क्षेत्र की प्रमुख समस्या है। जनपद की भूमि नाईट्रोजन व फास्फोरस हीन है।

जनपद का ढाल पश्चिम व उत्तर की ओर है । वर्षाकालीन जल छोटी–छोटी नदियों व नालों से मिलकर जनपद की एक मात्र बडी बेतवा नदी में मिल जाता है। बेतवा नदी पर जल संग्रहण हेतु राजधाट बांध व माताटीला बांध बने है । इसके अतिरिक्त अन्य नदियों पर शहजांद बांध, जामनीबांध ,गोविन्दसागर बांध, सजनम बांध, रोहिणी बांध व जाखलौन पम्प कैनाल के साथ–साथ कई वॉध बनाये जाने की योजनायें चल रही है, जिससे भविष्य में यहा सिंचाई के साधन बढने की अपार सम्भावनाए है ।

जनपद की औसत वर्षा 914 मि0ली0 मीटर के विपरीत विगत वर्ष सितम्बर 2016 तक 799.09 मि0ली0 वर्षा हुयी है, जो जनपद के निर्धारित मानक 914.00 से कम रही है।

जनपद का गर्मियों में अधिकतम तापमान 48 डि0सें0 तक पहुंचने पर पानी का स्तर काफी नीचे पहॅुच जाता है । कुंए व हैंडपम्प सूखने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नगरीय क्षेत्रों में जल संस्थान द्वारा पाइप लाइन एवं हैन्डपम्पों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है । गर्मी के मौसम में नगरीय क्षेत्र के कुछ भागो में/ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकरों द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जाती है । नगरीय क्षेत्रों में जलापूर्ति की सभी व्यवस्था, हैण्डपम्पों के रीबोर एवं मरम्मत का कार्य जल संस्थान द्वारा किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों के रीबोर एवं मेजर रिपेयरिंग का कार्य जल निगम तथा माइनर रिपेयरिंग का कार्य ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया जाता है। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में भी टेंकरों से जलापूर्ति की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिये टेंकरों से जलापूर्ति करायी जाती है।

जनपद में सूखे से निपटने के संबंध में जनपद के किसी भी क्षेत्र/ग्राम से पेयजल एवं संक्रामक रोग की शिकायत/समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी कार्यालय के साथ–साथ जल निगम/जल संस्थान में कन्टोल रूम की स्थापना की जाती है ।

2– जनपद के आधारभूत आंकडे :–

1– भोगौलिक क्षेत्रफल	485944हे0
2– कृषि योग्य क्षेत्रफल	432452हे0
(क)--खरीफ की फसल हेतु कृषि योग्य भूमि	278500हे0
(ख)--खरीफ की बोयी हुयी फसल का क्षेत्रफल	3953हे0
3– जनपद की खरीफ फसल के मुख्य जीन्स	ज्वार,मक्का,धान,उरद, मूंगफली,तिल,मूंग, सोयाबीन आदि
4– नहरों की लम्बाई	1396.185कि0मी0
5– सरकारी नलकूपों एवं हेंडपम्पों की स्थिति	
(क)– सरकारी नलकूप पेयजल (ग्रामीण क्षेत्र)	84
(ख)– सरकारी नलकूप पेयजल (शहरी क्षेत्र)	19
(ग)– हैंडपम्प ग्रामीण	17714 (– 616 खराब)
(घ)– हैंडपम्प नगरीय	2340 (– 66 खराब)